**आयुक्त सीमाशुल्क (निर्यात) का कार्यालय**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (EXPORT)**
**नवीन सीमाशुल्क भवन, बॅलार्ड इस्टेट, मुंबई-400001.**
**NEW CUSTOMS HOUSE, BALLARD ESTATE, MUMBAI–400001.**
**फोन: 02222757561, ई मेल: hindimumbaizone1@gmail.com**

दिनांक: 21.11.2025
(जुलाई-सितंबर-2025 की तिमाही, 24वीं बैठक)

**विषयः- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

**Subject: Minutes of the meeting of official language implementation committee.**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, दिनांक 20.11.2025 को 03:30 0बजे श्री असलम हसन, आयुक्त सीमाशुल्क (निर्यात) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

| क्रमांक | अधिकारीगण के नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री) | पदनाम | आयुक्तालय |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री असलम हसन | आयुक्त | निर्यात |
| 02 | श्री कृष्ण कुमार प्रसाद | अपर आयुक्त | निर्यात |
| 03 | श्री पंकज झा | उप आयुक्त | निर्यात /राजभाषा |
| 04 | श्री संतोष सोनावणे | उपायुक्त | निर्यात |
| 05 | श्री अभिषेक जैन | सहायक आयुक्त | निर्यात |
| 06 | श्रीमती मीनाक्षी साल्वी | सहायक आयुक्त | निर्यात |
| 07 | श्री ठंडीलाल मीना | सहायक आयुक्त | निर्यात |
| 08 | श्री वामन दिगंबर नंदनवार | मुख्य लेखा अधिकारी | निर्यात |
| 09 | सुश्री मनीषा | क. अनुवाद अधिकारी | निर्यात/राजभाषा |

समिति की सदस्य सुश्री मनीषा कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही आरंभ की और अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक की कार्यसूची का बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया; तथा प्रत्येक बिन्दु के सापेक्ष अध्यक्ष महोदय से आवश्यक निर्देश प्राप्त किए गए-

**2-पिछली बैठक (05.08.2025) में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति-**

I. बैठक में आयुक्त महोदय द्वारा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए कि सभी अनुभागों के कम्प्युटरों में हिन्दी फॉन्ट हों।

**(अनुपालन पूर्ण)**

IIIआयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिया गया है कि हिन्दी टिप्पणियों की प्रतिशतता बढ़ाने के लिए पत्र जारी किया जाए।

**(अनुपालन पूर्ण)**

IV. आयुक्त महोदय ने सभी अपर/उप/सहायक आयुक्तों को निर्देश दिये कि वो अपने-अपने अनुभागों से कम से कम 10 अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित करें। और प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायकों की समिति बनाने के निर्देश दिये।

**(अनुपालन पूर्ण)**

V. आयुक्त महोदय द्वारा सितंबर में होने वाले हिन्दी पखवाड़े के दौरान माहिम में स्वच्छता या हिन्दी के तहत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का प्रस्ताव रखा।

**(अनुपालन पूर्ण)**

VI. समिति में उपायुक्त महोदय अभिषेक जैन प्रभारी निर्यात प्रशासन ने सामान्य प्रशासन में ई-पुस्तकालय बनाने को सुझाव दिया गया। उस पर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिये कि कार्यकारी रूप देने के लिए आदेश पारित करें।

**(अनुपालन अपूर्ण)**

VII.अन्य बिन्दु एवं सुझाव में आयुक्त महोदय ने निर्यात कार्यालय के कॉफी बुक निकलने का प्रस्ताव रखा (इसके संबंध में पहले फ़ंड देखने के निर्देश दिये) और प्रतियोगिताओं में क्विज एवं अंत्याक्षरी जैसी प्रतियोगिताओं को शामिल करने का प्रस्ताव अपर आयुक्त द्वारा रखा गया।

**(फंड ना होने के कारण एवं प्रतियोगिताएँ पहले ही निर्धारित होने के कारण अनुपालन अपूर्ण)**

**3.**आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए है कि अगली बैठक से प्रत्येक अनुभाग से एक प्रशासनिक कार्मिक का उपस्थित होना अनिवार्य है। इस संबंध में पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

**(कार्यवाही: सभी अनुभागों एवं राजभाषा अनुभाग द्वारा)**

4.समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि सभी अनुभागों को हर महीने राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में पत्र रूप में स्मरण कराया जाए, जिसमें आयुक्तलय के सभी आयुक्त,अपर आयुक्त उपायुक्त,सहायक आयुक्त को मार्क करने के निर्देश दिए।

**(कार्यवाही:राजभाषा अनुभाग द्वारा)**

**5.**आयुक्त महोदय द्वारा अनुभागों के सभी नामपट्ट,मोहरें,सील आदि द्विभाषी करने के निर्देश दिए गए।

**(कार्यवाही: सभी अनुभागों द्वारा)**

**6.** समिति द्वारा प्रतिदिन "आज का शब्द" लिखने के लिए अनेक्स बिल्डिंग, चतुर्थ तल पर एक बॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए जिस पर हर दिन कार्यालयीन कार्य में प्रयोग किए जाने वाला नया शब्द लिखा जाएगा। **(कार्यवाही: सभी अनुभागों द्वारा)**

**7.** समिति द्वारा निर्यात आयुक्तलय में नवीन पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को आयुक्तलय के अधिकारिऑन/कर्मचारियों से परिचित कराने एवं उनका अधिक से अधिक प्रयोग करने के संबंध में एक कार्यालय ज्ञापन निकालने के निर्देश दिए ग **(कार्यवाही: राजभाषा अनुभाग द्वारा)**

**8.** आयुक्त महोदय द्वारा आयुक्तलय के लिए एक डायरी के प्रकाशन का प्रस्ताव रखा गया और इसके संबंध में फंड की उपलबद्धतता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

**(कार्यवाही: राजभाषा अनुभाग द्वारा)**

9.आयुक्त महोदय द्वारा कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा के प्रति जागरूक करने के लिए राजभाषा से संबंधित कार्यक्रम के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया।

**(कार्यवाही: राजभाषा अनुभाग द्वारा एवं उच्च अधिकारियों द्वारा)**

अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

इसे आयुक्त सीमाशुल्क (निर्यात) के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Digitally signed by
Pankaj krishnanand Jha
Date: 24-11-2025
11:27:20

पंकज झा

उप आयुक्त सीमाशुल्क (निर्यात)

**प्रतिलिपि:-**

1-सहायक निदेशक/राजभाषा, DGPM, CBIC, नई दिल्ली, को अनुपालन रिपोर्ट के रूप में प्रेषित। (मद -02)

2-समिति के सभी सदस्यों को सुचनार्थ/अनुपालनार्थ।

3-समस्त अनुभागों को सूचनार्थ/अनुपालनार्थ।